**श्री बी० सी० एच० नेगी, एयरपोर्ट निदेशक के साथ दिनांक 2 मार्च 2022को आयोजित बैठक में बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज की ओर से समर्पित प्रमुख बिन्दु**

1. वर्तमान में समय का महत्व काफी बढ़ गया है इसे देखते हुए उड़ान योजना के तहत मुजफ्फरपुर, भागलपुर, पूर्णिया, रक्सौल, समस्तीपुर, गया, आरा, मोतिहारी आदि स्थानों के साथ क्षेत्रीय हवाई अड्डा कनेक्टिविटी को जोड़ते हुए इसका समुचित विकास किया जाना चाहिए । दरभंगा से हवाई सेवा प्रारम्भ कराने के लिए हम आपको धन्यवाद देते हैं ।

2. गया हवाई अड्डे से अधिकाधिक घरेलू उड़ान की सेवा प्रारम्भ किया जाना चाहिए ।

3. बिहार से बड़ी संख्या में लोग विदेशों में काम कर रहे हैं । उनकी घर वापसी एवं पुनः कार्य पर वापस जाने के कारण फलाइट की मांग में काफी वृद्धि हुई है इसे देखते हुए पटना से खाड़ी देशों और अन्य गंतव्यों के लिए सीधी उड़ानों की सेवा प्रारम्भ किया जाना चाहिए जिससे कि ऐसे यात्रियों की यह शिकायत की समय पर फलाइट नहीं मिलता है का समाधान हो सके । दिल्ली एवं मुंबई हवाई अड्डों पर यात्रियों की बोझ को कम करने के लिए पटना से काठमांडू के लिए सीधी उड़ान सेवा शुरू की जानी चाहिए पूर्व में भी इस प्रकार की व्यवस्था थी ।

4. पटना से काठमांडू, गुवाहाटी, बागडोगरा एवं अन्य उत्तर पूर्वी पहाड़ी राज्यों के लिए सीधी उड़ान सेवा शुरू की जानी चाहिए जिससे कि व्यवसायी को व्यापार एवं पर्यटकों को आनन्द दोनों के लिए इन स्थानों पर जाने की सुविधा मिल सके । पटना के साथ—साथ बिहार के अन्य शहरों में रहने वाले कई परिवार हैं ऐसे है जिनकी जड़ें राजस्थान में हैं और अक्सर ऐसे परिवार के सदस्य न केवल पारिवारिक समारोहों में भाग लेने के लिए बल्कि विभिन्न मंदिरों के दर्शन करने के लिए भी जयपुर जाते हैं । इसके अलावा, राजस्थान पर्यटकों को आकर्षित करता है और बड़ी संख्या में ऐसे पर्यटक राजस्थान की यात्रा करना चाहते हैं लेकिन सीधी सेवा नहीं होने से पर्यटकों को असुविधा होती है । वर्तमान में केवल एक ऑपरेटर (इंडिगो) है जिनकी सेवा के अन्तर्गत यात्रियों को पटना से जयपुर जाने के लिए व्यवस्था है परन्तु लगभग तीन से चार घंटे का स्टॉप दिल्ली में होने के कारण यात्रियों को जयपुर पहुंचने में करीब 12 घंटे का समय लगता हैं । आपको विदित है कि राजस्थान और बिहार के बीच मार्बल, खाद्य तेलों आदि का बहुत बड़ा कारोबार होता है । अतः पटना से जयपुर के बीच सीधी उड़ान सेवा शुरू किया जाना चाहिए ।

5. उपरोक्त दो पैराओं में हमने पटना हवाई अड्डे से अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू करने का अनुरोध किया है, यह स्वाभाविक है कि पटना हवाई अड्डे पर आव्रजन (Immigration) सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए ।

**क्रमशः.........2**

6. वर्तमान में पटना हवाई अड्डे पर केवल दो प्रवेश द्वारा परिचालन में है जो अपर्याप्त है । जिसके कारण Peak अवधि के दौरान यात्रियों की लम्बी कतार पोर्टिको से आगे फैली जाती है जिसके परिणामस्वरूप वरिष्ठ नागरिकों, शारीरिक रूप से विकलांग यात्रियों या अपने नवजात शिशुओं के साथ ले जाने वाले माता–पिता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है । इसलिए, हमारा सुझाव है कि इस तरह के Peak अवधि में कम–से–कम तीन या चार दरवाजे उपलब्ध कराया जाना चाहिए ।

7. एयरपोर्ट पर यात्रियों के लिए पर्याप्त संख्या में ट्रॉलियों की व्यवस्था की जानी चाहिए । ट्रॉलियों को बाहर जानेवाले यात्रियों के लिए कार पार्किंग के स्थान पर रखा जाना चाहिए एवं बाहर से आनेवाले यात्रियों के लिए आगमन लॉज में रखा जाना चाहिए ।

8. सुरक्षा जांच स्कैनर इकाई के प्रत्येक ट्रे के लिए दो टोकन दिया जाना चाहिए, एक ट्रे में और दूसरा यात्री के पास, जिससे कि सहज रूप से यात्री अपने सामान की पहचान कर सके । क्योंकि ऐसा देखा जाता है कि एक तरह के लैपटॉप बैग होने के कारण दो व्यक्ति अक्सर लैपटॉप बैग का अदला–बदली करते हैं जिससे अनावश्यक असुविध होती है ।

9. ऐसे यात्री जो प्रवेश द्वार पर सीढ़ियों पर चढ़ने में शारीरिक रूप से असमर्थ हैं उनके लिए हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया जाना चाहिए । इस प्रकार की व्यवस्था दिल्ली हवाई अड्डे पर उपलब्ध है ।

10. हमारा अनुरोध हैं कि पटना हवाई अड्डे में भी दिल्ली, मुंबई के भांति सभी मौसम में लैंडिंग सुविधा बनाई जानी चाहिए क्योंकि मानसून और सर्दियों के मौसम में अत्यधिक बारिश या कोहरे के कारण उड़ानें रद्द, विलंबित या डायवर्ट करना पड़ता है जिससे असुविधा होती हैं ।

11. पटना हवाई अड्डे पर यात्रियों के सामान का वजन हेतु लगाई गई मशीनों की नियमित रूप से जाँच की जानी चाहिए जिससे कि यह सुनिश्चित किया जा सके सही वजन किया जा रहा है ।

12. बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज राज्य के उद्योग एवं व्यापार की एक शीर्ष संस्था है जो 1926 से व्यापार एवं उद्योग के हितों के साथ–साथ सामाजिक कार्यो में भी बढ़–चढ़ कर हिस्सा लेता रहा है । अत: पटना एयरपोर्ट की सेवाओं को बेहतर बनाने में चैम्बर का सहयोग लिया जा सकता है ।

क्रमशः........3

13. पटना हवाई अड्डे पर पिकअप एवं ड्रॉप सुविधा के लिए निर्धारित समय सीमा को बढ़ाया जाना चाहिए क्योंकि ऐसा देखा गया है कि Peak Hour में ड्रॉपिंग प्वाइंट पर लम्बी लाइन लग जाती है जिससे ड्रॉपिंग की प्रक्रिया में देरी होती है और निर्धारित समय सीमा के अन्दर पिकअप एवं ड्रॉपिंग का कार्य नहीं हो पाता है ।

14. ज्ञात हुआ है कि पहली मंजिल पर बने लाउंज समय–समय पर बंद कर दिया जाता है यदि इसे खुला रखा जाए तो सुविधा होगी ।

15. सुरक्षा जांच काउंटरों और स्कैनरों की संख्या को बढ़ाई जानी चाहिए ।

16. यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए पटना एयरपोर्ट पर जो विभिन्न ब्रांडेड/अनब्रांडेड खाद्य सामग्रियों के स्टाल हैं वह यात्रियों से खाने–पीने के चीजों की कीमत बाजार दर के समकक्ष ही रखें ।

17. चेक इन टाइम को कम किया जाना चाहिए । इससे एक तो यात्रियों को सुविधा होगी दूसरा एयरपोर्ट पर भीड़ भी कम होगी ।

18. हम चाहेंगे कि आज के इस अवसर पर हमारे सदस्यों को पटना हवाई अड्डे पर नए भवन के निर्माण की वर्तमान स्थिति एवं बिहटा हवाई अड्डे की प्रगति के बारे में अवगत कराया जाए ।

*********

<u>पटना</u>

**<u>दिनांक : 2 मार्च 2022</u>**